

दैनिक प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
Happy Dussehra
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 03 अंक :- 185 मुरादाबाद, 24 October 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड



## संक्षिप्त समाचार



### भारत के महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी का निधन, 77 साल की आयु में ली अंतिम सांस

बेदी ने भारत के लिए कुल 77 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 273 विकेट झटके थे। बेदी को भारतीय टेस्ट इतिहास के बेहतरीन स्पिनरों में माना जाता है। उन्होंने अपने दम पर देश को कई मैच जिताए थे। भारत के पूर्व क्रिकेटर बिशन सिंह बेदी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया है। वह 77 साल के थे। बेदी ने भारत के लिए कुल 77 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 273 विकेट झटके थे। बेदी को भारतीय टेस्ट इतिहास के बेहतरीन स्पिनरों में माना जाता है। उन्होंने अपने दम पर देश को कई मैच जिताए थे। बिशन सिंह बेदी के चार बच्चे थे। अंगर बेदी, गावस इंदर बेदी, नेहा बेदी और गिलिंदर बेदी। अंगद बेदी और उनकी पत्नी नेहा धूपिया भारतीय फिल्म जगत में जाना-माना नाम हैं मशहूर स्पिनर चौकड़ी का थे हिस्सा बेदी ने भारत के लिए 1966 से 1979 तक टेस्ट क्रिकेट खेला था। वह भारत की मशहूर स्पिन चौकड़ी का हिस्सा रहे हैं। उनके अलावा इसमें इरापल्ली प्रसन्ना, श्रीनिवास वेंकटराघवन और भागवत चंद्रशेखर थे। चारों ने मिलकर 231 टेस्ट खेले और 853 विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन- बेदी ने 1969-70 में कोलकाता टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक पारी में 98 रन देकर सात विकेट लिए थे। यह एक पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। वहीं, मैच की बात करें तो 1977-78 में पर्थ के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 194 रन देकर कुल 10 विकेट झटके थे। हार के बाद उन्हें कप्तानी से हटा दिया गया था। उनके बाद सुनील गावस्कर कप्तान बने थे। भारत के लिए 67 टेस्ट मैच में उन्होंने 266 विकेट लिए। उन्होंने 15 बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया और एक बार मैच में 10 विकेट भी लिए। वहीं, 10 वनडे मैच में उन्होंने सात विकेट झटके।

## सीएम योगी ने पांव पखार किया कन्या पूजन, बोले- मातृशक्ति के प्रति सम्मान जरूरी



जगतजननी मां आदिशक्ति की आराधना के विशिष्ट अवसर शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीठ की परंपरा का निर्वहन कर अपने ध्येय को और मजबूती दी। सोमवार सुबह नवरात्र की नवमी पर सीएम योगी ने विधि विधान से कन्या पूजन कर मातृशक्ति की आराधना की। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया,

दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।कन्या पूजन अनुष्ठान में सोमवार सुबह मुख्यमंत्री ने मठ के प्रथम तल पर स्थित भोजन कक्ष में श्रद्धाभाव से परंपरागत रूप से पीतल के परात में, चांदी के लोटे में भरे जल से नौ कुंवारी कन्याओं के बारी-बारी पांव धोये। उनके मस्तक पर रोली, चंदन, दही, अक्षत, दूर्वा का तिलक लगाया। चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। आरती उतारी।पूजन के बाद इन कन्याओं समेत सौ से अधिक कन्याओं व छोटे बालकों को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। नौ कन्याओं के अतिरिक्त सैकड़ों की संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया।

कन्या पूजन कार्यक्रम में सीएम योगी का सानिध्य पाने के लिए नन्हीं बालिकाओं व बटुकों का उत्साह, उमंग देखते ही बन रहा था। सत्कार और स्नेह के भाव से मुख्यमंत्री ने एक-एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया। इस दौरान सीएम के हाथों दक्षिणा मिलने से सभी काफी प्रफुल्लित थे।पूजन के बाद भोजन परोसते समय सीएम योगी बच्चों से निरंतर संवाद और ठिठोली भी करते रहे। यह भी ख्याल रखते रहे

कि किसी भी बालक-बालिका की थाली में भोजन प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे।

## सपा-कांग्रेस गठबंधन: खरगे के फोन कॉल के बाद बदले सपा नेताओं के तेवर, राम गोपाल बोले- कमलनाथ मेरे दोस्त




मध्य प्रदेश में सीटों के बंटवारे को लेकर सपा और कांग्रेस के बीच चल रहा वाकयुद्ध अब रुकने जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे के फोन कॉल के बाद सपा नेताओं के तेवर बदल गए हैं।

मप्र में सीटों के बंटवारे को लेकर सपा और कांग्रेस के बीच चल रहा वाकयुद्ध अब रुकने जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे के फोन कॉल के बाद सपा नेताओं के तेवर बदल गए हैं। कल तक कांग्रेस को कोसने वाले नेता अब इस बारे में बात करने से बच रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पहले राहुल गांधी ने अपना संदेश अखिलेश को पहुंचाया। फिर रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने खुद ही अखिलेश से बात की। ऐसा माना जा रहा है कि मप्र में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन हो सकता है।सपा के एक नेता नाम ना छापने की शर्त पर कह रहे हैं कि पार्टी ने भले ही मप्र में सीटें घोषित कर दी हों लेकिन यदि गठबंधन होता है तो हम अपने प्रत्याशी वापस ले लेंगे। अभी नाम वापस लेने का विकल्प खुला हुआ है।

### राम गोपाल बोले कमलनाथ मेरे दोस्त

बीते दिनों कमलनाथ का एक बयान वायरल हो रहा था। इस बयान में कमलनाथ यह कहते दिख रहे थे कि कौन अखिलेश वखिलेश। इस बयान को सपा प्रमुख ने गंभीरता से लिया था। इसके बाद उनकी तरफ से तल्ख टिप्पणी भी आई थी। सपा के नेता भी इस बयानबाजी में कूद पड़े थे। अब इस मसले को ठंडा करने की कोशिशें हो रही हैं। सपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव ने कहा कि कमलनाथ तो मेरे दोस्त हैं। उनसे किसी प्रकार की खटास नहीं है। मालूम हो कि राम गोपाल यादव अखिलेश के करीबी हैं।

### चल रही है बैठक

मप्र में सीटों के बंटवारे को लेकर सोमवार को लखनऊ के प्रदेश के मुख्यालय में बैठक चल रही है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के दखल देने के बाद पार्टी नए सिरे से मप्र के हालातों पर विचार कर रही है। संभव है कि सोमवार की शाम ही इस पर कुछ फैसला हो जाए।

### शुरू में सपा ने मांगी थी 6 सीटें

मध्य प्रदेश में सपा और कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर काफी समय से वार्ता चल रही थी। शुरुआती बातचीत इंडिया गठबंधन में सपा के प्रतिनिधि जावेद अली खान ने की। इसके बाद साझेदारी पर बातचीत की कमान सपा की ओर से प्रो. रामगोपाल यादव और कांग्रेस की ओर से रणदीप सुरजेवाला ने संभाली। दोनों के बीच कई राउंड बातचीत हुई। सपा नेतृत्व को बताया गया कि नवरात्र में कांग्रेस की ओर से आने वाली पहली सूची में ही सपा प्रत्याशियों के नाम भी होंगे। सपा का कहना है कि गठबंधन के तहत छह सीटें उसे देने की बात हुई थी। हालांकि, सपा ने दो सीटें और मांगी थीं।

### सपा ने जारी किए 33 नाम

सपा मुख्यालय पर हुई मध्य प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ बैठक में भी कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के संकेत दिए गए। अखिलेश यादव ने यह समीक्षा भी की कि कौन प्रत्याशी जिताऊ स्तिथि में है और कहां ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। सपा मध्य प्रदेश में कुल 33 प्रत्याशियों की सूची जारी कर चुकी है। गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने के बारे में सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी से संपर्क किए जाने पर उन्होंने कहा कि सपा की लड़ने वाली सीटें घट-बढ़ सकती हैं, लेकिन पूरी स्थिति वह सोमवार को ही स्पष्ट करने की स्थिति में होंगे।

## आजम खां के एनकाउंटर वाले बयान पर क्या बोले ओपी राजभर? I.N.D.I. गठबंधन में घमासान पर भी साधा निशाना





समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां को रामपुर जेल से सीतापुर कारागार में शिफ्ट किए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। आजम खां को कड़ी सुरक्षा में सीतापुर कारागार में शिफ्ट किया गया। मीडिया से सपा नेता ने अपना एनकाउंटर होने का डर जाहिर किया था। वहीं अब आजम खां के इस बयान को सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने सियासी बयानबाजी करार दिया है। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां को रामपुर जेल से सीतापुर कारागार में शिफ्ट किए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। आजम खां को कड़ी सुरक्षा में सीतापुर कारागार में शिफ्ट किया गया। मीडिया से सपा नेता ने अपना एनकाउंटर होने का डर जाहिर किया था।वहीं अब आजम खां के इस बयान को सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने सियासी बयानबाजी करार दिया है। ओपी राजभर ने कहा- एनकाउंटर किए जाने की बात में कोई दम नहीं है। सरकार सुरक्षा की दृष्टि से जिले से बाहर जेल में रखती है, इसी कड़ी में उन्हें दूसरे जेल में स्थानांतरित किया गया है। गठबंधन में घमासान पर क्या बोले राजभर- I.N.D.I.A. गठबंधन में सीटों के बटवारे को लेकर छिड़े सियासी घमासान पर राजभर ने कहा- यह नेता लोग हैं, यह सब नेतानगरी है। यह गठबंधन ज्यादा दिनों तक चलने वाला नहीं है क्योंकि अलग-अलग विचारों के लोग एकत्रित हुए हैं। सब परेशान हैं, सबको सीटों की बहुत ख्वाहिश है इसी वजह से ये आपस में झगड़ रहे हैं। बता दें, सुभासपा और समाजवादी पार्टी ने 2022 का विधानसभा एक साथ मिलकर लड़ा था। जिसमें 18 सीटों में राजभर की पार्टी ने छह सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके बाद इस साल लोकसभा चुनाव से पहले राजभर ने राजभर एनडीए गठबंधन में शामिल हो गए।

## न्यायिक प्रक्रिया से मोहभंग का खतरा, मुकदमों का फैसला आने में देरी पर अदालत की बड़ी टिप्पणी



अदालती कार्यवाही में देरी के कारण मुकदमा दायर करने वाले लोगों का न्यायिक प्रक्रिया से मोहभंग हो सकता है। ये टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने की है। अदालत ने लंबित मामलों का तेजी से निपटारा व न्यायिक प्रणाली में तत्काल सुधार पर जोर देते हुए कई अहम सुझाव दिए।सुप्रीम कोर्ट ने कानूनी कार्यवाही के तार्किक अंत तक नहीं पहुंचने और देशभर की अदालतों में लंबित मामलों पर चिंता जाहिर की है। अदालत ने मुकदमों के कछुए की गति से चलने के कारण जनता का卐न्यायिक प्रक्रियाओं से मोहभंग卐 होने के खतरे से आगाह किया है। शीर्ष अदालत ने मुकदमे के दौरान पक्षकारों की तरफ से अपनाई जाने वाली टालमटोल की रणनीति पर भी चिंता जाहिर की।41 साल से अदालत में लंबित है मामला- कोर्ट ने लंबित मामलों में एक का जिक्र करते हुए कहा, 41 साल पहले संपत्ति विवाद का मुकदमा करने वाले याचिकाकर्ता अभी भी अंधेरे में हैं। अदालत ने लंबित मामलों को निपटाने के लिए देश की न्यायिक प्रणाली में तत्काल सुधार का आह्वान किया है।

### कौन सी पीठ ने पारित किया आदेश

न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट (अब सेवानिवृत्त) और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने निचली अदालतों के लिए कई अहम निर्देश जारी किए। अदालत ने कहा, 41 वर्षों के बाद भी मुकदमेबाजी हो रही है। जिरह किया जा रहा है कि एकमात्र वादी के कानूनी प्रतिनिधि के रूप में किसे रिकॉर्ड पर लाया जाना चाहिए। यह एक क्लासिक मामला है। पीठ ने शुक्रवार को जारी फैसले में कहा, देश का लोकतंत्र न्यायपालिका पर निर्भर है।

### नौकरशाही की अक्षमता को दूर करने की जरूरत

अदालत ने कहा कि भारत की न्यायपालिका सर्वोपरि मिशन के रूप में न्याय देती है। दो जजों की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा, 卐हमें अनुकूलन और सुधार करना चाहिए। हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि न्याय एक मृगतृष्णा नहीं बल्कि सभी के लिए एक वास्तविकता हो।卐 मुकदमे के निपटारे में विलंब और नौकरशाही की अक्षमता को दूर करने की जरूरत पर बल देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अब समय आ चुका है जब अदालतों में देरी और लंबित मामलों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए।

### नागरिकों का विश्वास बहाल करने का आह्वान

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अदालतों में टालमटोल का समय बहुत पहले चला गया है। न्याय, नौकरशाही की अक्षमता का शिकार नहीं हो सकता। हमें अब कार्रवाई करनी चाहिए, क्योंकि बहुत देर हो चुकी है। अदालत ने कानून के संरक्षक के रूप में, एक न्यायसंगत समाज के वादे में नागरिकों का विश्वास बहाल करने का आह्वान किया। तत्परता के साथ कानूनी सुधार की यात्रा शुरू करने की अपील करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम जो विरासत छोड़ेंगे वह राष्ट्र की नियति को आकार देगी।

### मुकदमे की तारीख के लिए वकीलों से बात कर

अदालत ने कहा कि मुकदमे की तारीख, पार्टियों की ओर से पेश होने वाले अधिवक्ताओं के परामर्श से तय की जाएगी ताकि वे अपने कैलेंडर को समायोजित कर सकें। इसमें कहा गया है कि एक बार मुकदमे की तारीख तय हो जाने के बाद, मुकदमा यथासंभव दिन-प्रतिदिन के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए।

### मामलों को लंबित रखने से बचने का बेहतर तरीका

जिला और तालुका अदालतों के ट्रायल जज जहां तक संभव हो सके एक डायरी रखेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी दिन सुनवाई के लिए केवल इतनी ही संख्या में मामले सूचीबद्ध किए जाएं, जिन्हें निपटाया जा सके। साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग पूरी करने पर भी जोर दिया गया ताकि मामलों के बैकलॉग यानी लंबे समय तक लंबित रखने से बचा जा सके।

## संपादकीय Editorial

### Question sold in parliament

When Somnath Chatterjee was the Speaker of the Lok Sabha, 11 MPs were accused of accepting cash and asking questions in Parliament. Prima facie the MP was found to be involved in corruption, as a result the Speaker had rejected his MP membership. BJP MPs were also among them. There was a Congress led UPA government at the center and Dr. Manmohan Singh was the Prime Minister of the country. There was a lot of uproar on this matter inside and outside the Parliament. Actually it was a media operation, in which the corruption was recorded through hidden cameras. The matter reached the Supreme Court, but it did not accept the petitions challenging the Speaker's constitutional authority and decision and the Parliament could not be restored. Hardly any of those MPs was able to return to the Lok Sabha after winning the new elections! That decision of the Speaker became an example. A similar matter has once again reached Speaker Om Birla. BJP MP Nishikant Dubey has serious allegations that Trinamool Congress MP Mahua Moitra has been asking sponsored questions on Adani Group in the House. The fact that puts national security and the sensitivity of Parliament at stake is that Mahua's e-mail ID and password, as an MP, has been used by Dubai-based industrialist Darshan Hiranandani. He is the one who has been raising questions on Adani Group and sending them to Lok Sabha in the name of Mahua.

This is a gross violation of confidentiality and parliamentary security, hence also a crime. Now the Conduct Committee of the Lok Sabha is investigating these allegations. Questions and answers will be asked from both MP Nishikant Dubey and Mahua. The important dimension of this nexus is that industrialist Hiranandani also gave Rs 2 crore in cash to MP Mahua. To bear the expenses of his domestic and foreign travels. Also got the MP's official residence in New Delhi repaired and renovated. Only government agencies have been doing such work in government residences. Then why did the MP get the money from the industrialist? Hiranandani also gave valuable gifts to Mahua. It is possible that there is business rivalry between the two industrial houses, hence Adani Group is being exposed through the MP! The industrialist has also revealed that MP Mahua is very ambitious. She targeted Adani Group, but she wanted to tarnish the image of Prime Minister Modi. The MP had also shared many important documents related to Adani with other opposition leaders, so that an organized campaign could be launched against the Prime Minister. However, party chief and Bengal Chief Minister Mamata Banerjee has not been so much in favor of 'anti-Adani', hence has scolded the MP several times. Even now Mamata Banerjee is completely silent on this revelation and no important statement has come out from the opposition either. The flamboyant BJP MP has also lodged this complaint with the Lokpal.

Lok Sabha Secretariat and National Informatics Center (NIC) must have done their preliminary investigation as to where the accused MP was 'logged in' from? From which city, which place within the country or abroad was it used? State-of-the-art communication technology can easily reveal these. We cannot confirm the allegations leveled against the Trinamool Congress MP and her nexus and corrupt collusion with the industrialist, but the matter is related to Parliament. He has gone public and reached the conduct committee. There is also a case of criminal conspiracy against the Prime Minister of the country and the alleged crime of breach of parliamentary secrecy has come to light, hence we are analyzing. The accused MP has also demanded to get the logins of all the MPs checked.

# World Talks: Animals want to talk to you, some visuals underpin invisible 'realities'

You are trying to express your feelings on social media. At the same time, an elephant from Kenya is making the sound of trucks passing by the nearby highway, a tortoise is talking from inside the egg, a seal is communicating in English. Animals may not have the same set of languages as humans, but that doesn't mean they don't talk. Have you ever wondered what the rat in your room would think about the music you are listening to on TV, radio or mobile? It is possible that the mouse thinks that he can sing better than this. Rats have been living with humans for 15 thousand years. But you will be surprised to know that rats also understand music. Yes, the frequencies in which they are singing are definitely beyond the range of human hearing. In 2012, an experiment was conducted at Duke University led by neurobiologist Eric Jarvis. He surgically deafened five rats and recorded their songs in a sound studio with the help of infrared cameras and microphones. He compared the songs of deaf rats with the songs of hearing rats. If mice's ability to sing were innate, as has long been believed, then surgical modification should not have made any difference. Jarvis and his team changed the pitch frequency of the mice's song so that the researchers could hear the music with their own ears. It was found that the songs that the rats could hear were similar to the sounds of birds. Whereas the voice of deaf rats was not recognizable. The research concluded that the voice of rats depends on their ability to hear their own and others' voices. That means rats try to mimic what they hear. In this ability of rats to imitate lies a puzzle, which is said to be the most difficult problem of science, and that is, how do languages come into existence? How do children learn to speak? Speaking is a skill that babies learn from their surroundings. Researchers have already discovered the ability to replicate the sounds of species like hummingbirds, parrots, dolphins, elephants and bats, in addition to humans. Although it has been believed for centuries that human language is different from that of animals, their ability to learn sounds is also different. But experience says something else. When Duke researchers experimented with hearing and deaf mice, they found that the mice had neural networks that, like those of humans and songbirds, give their forebrain the ability to directly control the vocal organs. In Tsavo, Kenya. A ten-year-old female elephant makes sounds of trucks driving on the nearby Nairobi-Mombasa highway. A seal at the New England Aquarium speaks with an English accent. Mice can't do that. The early skill of rats in language learning suggests a kind of continuity in the ability to learn language. As if a submerged bridge indicates that two peninsulas that currently appear separate were once connected. Recent research on animal language gives many indications. For example, the turtle present inside the egg not only makes sounds, but also balances the time of its birth by reacting to the sounds coming from outside. The structure of language in different species is based on certain rules. It depends on social structure and the need to send any information. In 1649, the famous philosopher René Descartes wrote that the main difference between humans and animals for hundreds of years has been their language. But in 1959, linguist Noam Chomsky, then 30, argued that for any species, language is simply a form of verbal behavior. For centuries, it has been believed that the power of expressing oneself through speech, thanks to which man has composed epics and traveled to the moon, has made him superpowerful, placing him ahead of animals. However, no success has been achieved in humans in finding any physical, neurological or genetic system that gives them the ability to speak, which animals do not have. Linguists continued to consider language as a skill that cannot be developed. It either happens or it doesn't. It is there in humans, but not in animals. But, research shows that speaking ability has many components, including psychological components. Now the controversy continues over which components of language humans have shared with animals and which components are possessed only by humans. However, there is evidence of continuity between animal speech and human language. A study of Neanderthal genes and Jarvis's research shows that the same genes are behind the sounds that birds make and the sounds that humans make, and that they also evolved in the same sequence. Breaking the link between the ability to speak and human biology has led to a revolution in understanding animal language. Every animal expresses its feelings and intentions through speech. But the difficulty is that we have to understand the signals given by them and their meanings, in which till now we have not achieved much success. An international initiative called Project CETI, founded by City University of New York biologist David Gruber, hopes to tackle this problem by feeding recordings of whale sounds, known as coda, into computer models, such as ChatGPAT. Humans are able to understand the vocabulary and grammar in a language by analyzing publicly available content. New research makes clear that other species, like humans, also use word-like signals. However, there is a lot of scope for research in this regard. In fact, considering humans superior to animals on the basis of their ability to speak is a kind of language elitism. It has become clear from research that animals do not have a complete set of language like humans, so their communication seems incomplete. But this does not mean that he does not talk. Talking animals is no longer limited to just imaginary stories. Animals are learning from us and also saying something to us. Their language may be esoteric, but they are not foolish, they are thoughtful. Next time when you are running towards office or college, then stop for a while and realize whether your colleagues who are lagging behind in the race of biological development are saying something to you.

# Glimpses of religious harmony visible in Ramlilas

As soon as Navratri starts before Vijayadashami festival, Ramlilas start organizing across the country to stage Ramkatha. These include everything from Lord Shri Ram's childhood to Sita Swayamvar, forest departure, Sita's abduction, burning of Lanka by Hanuman ji, invasion of Lanka by Shri Ram. As soon as Navratri starts before Vijayadashami festival, Ramlilas are organized across the country for staging Ramkatha. Let's go. In these, everything from the childhood of Lord Shri Ram to Sita Swayamvar, forest departure, Sita Haran, burning of Lanka by Hanuman ji, invasion of Lanka by Shri Ram and Kumbhakarna, Meghnad and killing of Ravana are staged. Like previous years, this year too, apart from Hindus, people from Muslim, Jain and Sikh communities are also participating in Ramlilas to strengthen religious harmony and brotherhood.

* Mohd. in Lucknow (Uttar Pradesh). Sabit Khan's family has been staging Ramlila for three generations and under his direction, members of the same family play the roles of Lord Shri Ram, Lakshman and Ravana. 'Mo. Sabit Khan says that God neither sends anyone as a Hindu nor as a Muslim. Everyone is one here.

* Dussehra festival of Almora (Uttarakhand) ranks third in the country after Dussehra of Mysore and Kullu. For the Ramlilas here, the effigies of Ravana family are made by Hindu and Muslim artists together. * Late in 'Rigas' of Sikar (Rajasthan) district. Gograj Sharma and Late. Ramlilas are being organized since 1976 under the aegis of 'Shri Surya Mandal Seva Samiti' established by Salim Kayamkhani. * An artist named Shakir Ali in Udaipur, Rajasthan, along with other members of his family, has been coming to Mathura for about 35 years to prepare effigies of Ravana, Kumbhakarna and Meghnad.

He considers Maharaja Agrasen as his guru and before starting the work, he ritually worships the material and tools used in making the effigies before the deity of his faith. * After social workers Ehsaan Akhtar and Ghulam Mustafa, Ramlilas are being organized for the last 50 years under the leadership of Shifal Haider in 'Naugawan Sadat' town of Amroha (Uttar Pradesh). * In Ramleela of Winder Meyer Theater of Bareilly (Uttar Pradesh), the roles of Maharaj Dasharatha, Lord Shri Ram, Shatrughan, Meghnad and Angad are played by Raees Khan, Danish, Kaifi, Mohsin and Sadiq respectively.

In this, Munawwar prepares the costumes of the artists. * 'Navchetna Kala and Vikas Samiti', Phulwaria Cantt, established in 1992 in Varanasi (Uttar Pradesh) was founded by Dr. S.K. Gupta and Nizamuddin, in whose events people from Hindu and Muslim communities participate.

* People from Hindu, Muslim and Jain communities cooperate in Ramlila, which is being organized since 1978 by 'Chandravati Ramlila Committee' in Chandrapuri, Chaubepur, Varanasi, and the make-up is done by a Muslim family only. * Sherkhan plays the role of Laxman and Yunus Khan plays the role of Ram devotee Hanuman in Ramlila held in Tatiri of Baghpat (Uttar Pradesh). * In Ramlila organized by 'Shri Shraddha Ramlila Committee' in Faridabad (Haryana), the make-up of the artists is done by make-up artist Shamim Alam of Mumbai's Film City and his team members.

* Similarly, in the Ramlila organized by 'Lakshmi Ramlila Dramatic Club' in Kurukshetra (Haryana), Kulwant Singh Bhatti, the symbol of Hindu-Sikh brotherhood, has been playing the role of Lord Hanuman for 52 years, while his grandson is playing the role of Makardhwaj, son of Hanuman ji. Have been. Not only this, in the Ramlilas staged at some places, pure Urdu dialogues are used and the characters speak in the language of poetry. In one such Ramlila, Ravana was heard saying to Sita ji, "Your image torments me." It is hoped that as long as such positive thinking people are present in the country, the divisive forces will not stop our brotherhood. Will not be successful in tearing apart the traditional fabric of India.

# मंदिरों में की पूजा, पंडाल में मां के दर्शन कर नवाया शीश



नवें दिन मां सिद्धिदात्री की आराधना कर भक्तों ने की सुख समृद्धि की कामना

मुरादाबाद। नवरात्र के नवें दिन सोमवार को महानगर के लालबाग स्थित कालीमंदिर, नवीन नगर स्थित दुर्गा मंदिर, मनोकामना मंदिर आदि देवी स्थानों पर सुबह से ही भक्तों ने पूजा अर्चना कर मां के नवें स्वरूप सिद्धिदात्री को फूल, माला, चुनरी, फल मिष्ठान चढ़ाकर घर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। नौ दिन तक व्रत रखने वालों ने हवन पूजन किया। वहीं नवीन नगर, कांशीराम नगर स्थित कालीबाड़ी, रेलवे कालोनी मनोरंजन सदन में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन आरती की।

महिलाओं ने मां की स्तुति देवी गीत गाकर की। मां से अपने परिवार में सुख समृद्धि, निरोग रहने का आशीर्वाद मांगा। पं केदार मुरारी ने बताया कि महानवमी तिथि पर मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा-अर्चना और पाठ करने का महत्व होता है। इस दिन सच्चे मन से मां सिद्धिदात्री की पूजा आराधना से मनोकामना पूरी होती है। देवी को धूप, दीप, फल, फूल, भोग और नवैद्य अर्पित कर दुर्गा सप्तशती का पाठ और मां दुर्गा और सिद्धिदात्री से जुड़े मंत्रों का पाठ कर आरती करने से मां की कृपा मिलती है।

# रोडवेज प्रबंधन के दावे खोखले, बसों की टूटी खिड़कियां यात्रियों की बढ़ा रहीं परेशानी



मुरादाबाद-त्योहार के दौरान भी उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम यात्रियों को बेहतर सेवा नहीं दे पा रहा है। मजबूरी में लोगों को गंतव्य पर जाने के लिए खटारा बसों में सफर करना पड़ रहा है। उचित प्रबंधन न होने से लोग ट्रेनों का सहारा ले रहे हैं। वहीं ट्रेनों की देरी से चलने के कारण भी यात्रियों की परेशानियां कम नाम हो रहीं हैं। दशहरा और दिवाली पर रोडवेज और रेलवे प्रबंधन ने सुरक्षित व सुगम सफर का दावा किया था। लेकिन, नवरात्र के अवकाश में अपने घर व अन्य जगहों पर जाने के लिए लोगों को कुप्रबंधन से जूझना पड़ रहा है। रविवार को अवकाश के दिन रोडवेज परिसर में बसों की संख्या तो रही, लेकिन उनकी हालत देखकर यात्री ठंड के दौरान सफर करने से हिचक रहे थे। कई यात्री ऐसे भी रहे जो बेहतर बस न मिलने पर रेलवे स्टेशन की ओर से दौड़े, लेकिन वहां पर ट्रेनों के कई घंटे देर से चलने की जानकारी पर वापस लौट आए और फिर उसी खस्ताहाल बस में बैठकर गंतव्य को बढ़ गए। रविवार की दोपहर 12 बजे रोडवेज बस स्टैंड पर अमरोहा और हापुड़ डिपो की दो बसों में खिड़की का शीशा टूटा मिला, साथ ही बस में सीट भी फटी हालत में थी। इससे यात्री दूसरी बस में उतर कर जाने लगे। वहीं, विभागीय अधिकारियों का दावा है कि दिवाली पर 150 अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। स्टेशन प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि फिलहाल यात्रियों की संख्या काफी कम है। जिन बसों के शीशे टूटे हैं उसे ठीक कराया जाएगा।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# चालान काट 9 माह में यातायात पुलिस ने वसूले 4 करोड़

मुरादाबाद-जिले में यातायात नियमों की अनदेखी विभाग के आंकड़ों से साफ है। यातायात पुलिस ने 9 माह में 1,50,780 वाहनों का चालान काट कर 4,24,32,100 रुपये वसूले हैं। जिसमें सर्वाधिक दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट न पहनने के कारण चालान कटा है। फिर भी महानगर की सड़कों पर चार पहिया वाहन चालक बिना सील्ट बेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग, बाइक पर तीन सवारी बैठाकर फर्राटा भरने से बाज नहीं आ रहे हैं। महानगर सहित पूरे जिले में यातायात नियमों को पालन कराने व जागरुकता के लिए यातायात पुलिस अभियान चला रही है। फिर भी लोग नियमों का उल्लंघन कर फर्राटा भर रहे हैं। यातायात पुलिस ने इस साल जनवरी से 20 अक्टूबर तक बिना हेलमेट बाइक चलाने 41,893 लोगों का चालान, सीट बेल्ट न धारण करने वाले 7,719 नो पार्किंग में 15,663 वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करने वाले 1,396 ओवर स्पीडिंग 1,484 दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बिठाने के चलते 6,550 लोगों का चालान काटा। जबकि बिना ड्राईविंग लाइसेंस 24,655 बिना वायु/ध्वनि प्रदूषण प्रमाण पत्र के 7,792 बीमा 6,236 नंबर प्लेट संबंधित चालान 13,588 सीज वाहन 1,132 अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन 28,077 वाहन चालकों का चालान काटने से यातायात पुलिस का खजाना भर रहा है। यातायात पुलिस ने चालान काटकर 4,24, 32,100 रुपये वसूला है।



## बदलिए नंबर प्लेट, वरना भुगतें जुर्माना

मुरादाबाद, अमृत विचार~ महानगर में 13,5,88 नंबर प्लेट संबंधित चालान कट गए हैं। वाहन स्वामी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करके आसानी से बदलवा सकते हैं। क्योंकि नंबर प्लेट के नियम के उल्लंघन पर एक दो नहीं सीधे 5-10,000 रुपये तक का चालान काटकर जुर्माना वसूला जा रहा है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार पुराने नंबर प्लेट को बदलने के लिए बुक माई एचएसआरपी पर लॉगइन कर नंबर प्लेट बदलवाई जा सकती है। चार पहिया वाहनों के लिए लगभग 1100 से 1200 रुपये तथा दो पहिया वाहनों के लिए लगभग 400 से 500 रुपये किसी भी यूपीआई से ऑनलाइन जमा करना होता है।

## नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर हो रही कार्रवाई

मुरादाबाद, अमृत विचार~ महानगर में यातायात पुलिस 57 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी से ई-चालान काट रही है। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का नहीं पालन करने वाले लोगों पर पुलिस कैमरे से निगरानी करती है। इन कैमरों की नजर में कैद वाहन चालकों का ई-चालान तो कटता ही है वाहन चोरों को भी पकड़ने में आसानी होती है। यातायात नियमों पालन के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कुछ को चेतावनी दी जाती है। यातायात नियम का पालन करने से वाहन चालक की जिंदगी सुरक्षित रहती है। नियम तोड़ने वालों का चालान किया जाता है। -सुभाष चंद्र गंगवार, पुलिस अधीक्षक यातायात

# चेक देने के बहाने कारोबारी घर में घुसे बदमाश तमंचा दिखाकर 65,000 की नकदी, जेवर लूटे



मुरादाबाद-महानगर के कोतवाली थाना क्षेत्र में लूट का मामला सामने आया है। यहां दिन दिनदहाड़े घर में घुसकर तमंचे के बल पर दो बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। जिससे इलाके में लोगों में दहशत का माहौल है। उधर, पुलिस लुटेरों को जल्द पकड़ने का दावा कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र में ठठेरा मोहल्ला निवासी पीतल कारोबारी नावेद अली ने बताया कि रविवार को उनकी पत्नी घर पर अकेली थी। शाम करीब 4.45 बजे पर दो युवकों ने घर के दरवाजे की घंटी बजाई और कहा कि आपका चेक आया है। जैसे ही उनकी पत्नी ने घर का दरवाजा खोला तो नकाब लगाए दोनों युवकों ने उन्हें जोर से धक्का देकर गिरा दिया। बदमाशों ने घर में महिला और टयूशन पड़ने आई बच्ची के सिर पर तमंचा रखा और घर से करीब 65 हजार की नगदी, हार, झूमके, बाली, अंगूठी समेत अन्य जेवरात उठा लिया। जिसके बाद दोनों बदमाशों ने महिला के सिर पर तमंचे से वार किया और धक्का देकर दरवाजा बंद कर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद डरी सहमी महिला ने किसी तरह घटना की जानकारी पति को दी। जिस पर नाबेद जल्दी घर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। थाना प्रभारी ऊषा मालिक ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से जांच चल रही है। जल्द घटना का खुलासा कर लुटेरों को गिरफ्त में लिया जाएगा।

## कूमल लगाकर नकदी समेत लाखों की चोरी

मुरादाबाद, अमृत विचार~ थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव सिहोराबाजे चौराहे पर अज्ञात चोरों ने कपड़े की दुकान में कूमल लगाकर 50,000 की नकदी समेत लाखों रुपये का सामान साफ कर दिया। सुबह दुकान खोलने पर दुकान स्वामी के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। जिसके बाद उसने मूंढापांडे में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र में सिहोराबाजे निवासी परवेज अली ने बताया कि उसकी कपड़े की दुकान चौराहे पर एमएस स्कूल के ठीक सामने हैं। जिसमें 21 अक्टूबर की रात चोर कूमल लगाकर घुस गए। वह जब शुक्रवार को दुकान का ताला खोलकर अंदर आया तो देखा कि दुकान में कूमल लगा है और दुकान से 50,000 रुपये की नकदी, 35,000 रुपये के जेवर व अन्य कीमती कपड़ा चोरी हो गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी के मदद से चोरों की तलाश तेज कर दी है।

# कुंदरकी में चाकू से गोदकर फार्म चौकीदार की हत्या, परिजनों में मचा कोहराम



मुरादाबाद-कुंदरकी थाना क्षेत्र के शिमलाठेर में निर्माणाधीन फार्म में चौकीदारी करने वाले चौकीदार की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री की पुत्री जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिंह ने कराया विशाल भंडारा



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- फतेहगंज पश्चिमी द्व अगरास गांव में प्राचीन देवस्थान श्री महापुरुष बाबा के देवस्थान पर हर साल की तरह इस साल भी बड़ी धूमधाम के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पूड़ी सब्जी हलवा का आनंद लिया। जानकारी पूर्व केंद्र मंत्री सांसद भानु प्रताप सिंह की पुत्री जिला पंचायत सदस्य श्री मती तेजेश्वरी सिंह, दर्पण सिंह ने अपने पुश्तैनी अगरास गांव में श्री महापुरुष बाबा के देवस्थान पर पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे का आयोजन कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष श्री दुर्विजय सिंह शाक्य एवं मीरगंज क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा, जिला अध्यक्ष पवन शर्मा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिंह, कर्नल पुरुषोत्तम सिंह, दर्पण सिंह, अमित सिंह आदि भाजपा नेताओं एवं अन्य लोगों ने उनका फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के बाद ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्गविजय शाक्य ने मंदिर का भ्रमण कर भंडारे प्रसाद (चखा) ग्रहण किया। इस मौके पर कर्नल पुरुषोत्तम सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, फतेहगंज पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कुलवीर सिंह, शाही चेयरमैन मित्र वीरपाल मौर्य, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल उर्फ मनी, जिला अध्यक्ष राम गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सुचित अग्रवाल, मंयक अग्रवाल, औंध स्कूल के प्रधानाचार्य राहुल यदुवंशी, डॉक्टर मुदित प्रताप सिंह, प्रमुख समाजसेवी जगत सिंह उर्फ सनी, सभासद अबोध सिंह, अंशुल सक्सेना, पूर्व मंडल अध्यक्ष बंटी मौर्य, मिथुन सिंह, प्रवीन मौर्य उर्फ बिट्टू, डॉक्टर मुस्ताक, पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह अमित सिंह आदि प्रमुख समाजसेवी, गणमान्य, संभ्रांत व्यक्तियों कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम आयोजक जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिंह और उनके पुत्र दर्पण सिंह ने सभी आगंतुकों का अभार व्यक्त किया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# थर विधानसभा क्षेत्र से आ रही है निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ेंगे चुनाव समाज सेबी अरुण गौतम


क्यूँ न लिखूँ सच
अखिलेश तिवारी



रीवा एमपी-र चुनावी चकलस सोल्जर कमांडो अरुण कि मैं चुनाव में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में आ रहा हूं घोषणा के बाद क्षेत्र में भूचाल पर भूचाल में एक और भूचाल आ गया क्योंकि कमांडो अरुण गौतम किसी पार्टी का नहीं क्षेत्र के उम्मीदवार दिख रहे हैं किसान मजदूर शोषित पीड़ित का क्षेत्र में दलगत जाति धर्म से ऊपर उठाते हुए लोगों ने अपनों के बीच ताली बजाया और कहा यह सही निर्णय है कमांडो को इस बार रोकना बहुत मुश्किल है क्योंकि कांग्रेस बीजेपी को हराने के लिए इस बार कांग्रेस बीजेपी कहीं बहुत बड़ा वर्ग जो नाराज है पर्याप्त है क्योंकि टिकट वितरण में लोगों का दिल ही नहीं जब्बा भी टूट गया है पार्टी से एक बहुत बड़ा वर्ग जो डायरेक्ट जुड़ रहे हैं कमांडो अरुण गौतम से अपना समर्थन देखकर कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी पूरी बीजेपी टिकट के वितरण से पहले वाली कमांडो अरुण गौतम के साथ खड़ी नजर आ रही है पीछे से समर्थन में क्षेत्र उम्मीदवार मानकर एक नजारा देखिए बीजेपी के शब्द रखने वाले समर्थन सपोर्ट में गायब हैं जो कल के कांग्रेसी सिद्धार्थ जी समर्थक थे आज वहां पर दिख रहे हैं और यही हाल कांग्रेस में भी है कमांडो अरुण गौतम को समर्थन सपोर्ट कर रहे हैं क्योंकि आज के डेट में कमांडो अरुण गौतम की समाज सेवा राजनीति लोगों के दिल में उतर रही है कुछ कर गुजरने में और लोगों ने मन बना लिया है अबकी बार पार्टी नहीं क्षेत्र समाज बच्चों के विकास के लिए कमांडो को समर्थन सपोर्ट क्योंकि कमांडो अब जरूरी दिख रहा है

# जिलाधिकारी ने विजयादशमी ( दशहरा ) पर्व के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने विजयादशमी ( दशहरा ) पर्व के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का संहार किया था। सम्पूर्ण भारत में यह पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सत्य, मर्यादा, न्याय, शांति, परोपकार और लोक कल्याण हेतु समर्पित थे। नैतिक, मानवीय और सामाजिक मूल्यों के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन सद्मार्ग पर चलने एवं आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है। विजयादशमी का पर्व हमें आशा, उत्साह और ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देता है। विजयादशमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने आतंक, अन्याय एवं अधर्म के पर्याय रावण पर विजय प्राप्त की थी। विजयादशमी शक्ति उपासना का उत्सव है। नवरात्रि के नौ दिन जगदम्बा की उपासना करके भक्तों में शक्ति का संचार होता है। भगवान राम के समय से यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। जिलाधिकारी ने लोगों से संचारी संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए विजयादशमी के कार्यक्रमों को मनाने की अपील की है।

# प्रशिक्षकों द्वारा छात्राओं को सिखाए गए आत्मरक्षा के गुर, एसएसपी एटा द्वारा बालिकाओं को दी आत्मविश्वास मजबूत रखने की सलाह



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

मिशन शक्ति फेज-4 अभियान के तहत पुलिस लाइन्स स्थित बहुउद्देशीय हॉल में प्रशिक्षकों द्वारा छात्राओं को सिखाए गए आत्मरक्षा के गुर, एसएसपी एटा द्वारा बालिकाओं को दी आत्मविश्वास मजबूत रखने की सलाह। कृपया अवगत कराना है कि आज दिनांक 22.10.2023 को शासन की मंशानुरूप एवं पुलिस महानिदेशक उ.प्र. महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में प्रदेश भर में आयोजित मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस लाइन्स स्थित शहीद निरीक्षक श्री सुबोध कुमार सिंह मैमोरियल बहुउद्देशीय हॉल में पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में जनकल्याण पब्लिक स्कूल, अगापे स्कूल, प्रिंटिश गर्ल्स इंटर कालेज, सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं तथा शिक्षिकाओं को उनकी एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए जागरूकता एवं डॉ किरन कश्यप सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षक तथा उनकी टीम ( वसीम खान, राहुल कुमार, श्याम सुंदर ) द्वारा सेल्फ डिफेंस के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों द्वारा छात्राओं को वार्मअप, रनिंग, स्ट्रेचिंग जम्पिंग, सिंगल पंच, डबल पंच, मिडिल पंच, सिंगल हैंड ग्रिप, चिन पंच, फेश पंच, चेस्ट अटैक, थाई डिफेंस, नेट अटैक, एल्बो अटैक, चेस्ट किक, नोज किक, वेस्ट किक आदि के प्रशिक्षण सहित कठिन परिस्थितियों में डटकर सामना करने की ट्रेनिंग दी गई। आयोजन के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा कहा कि लड़कियों को संकट के समय अपनी रक्षा करने के लिए मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक और शारीरिक रूप से मजबूत होना चाहिए। सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास पैदा करना है, ताकि वह आने वाले खतरों से खुद की रक्षा कर सकें। उन्होंने कहा

कि सेल्फ डिफेंस के गुर सीखकर बालिकाएं और महिलाएं चोरी, डकैती, शरारत करने वाले किसी भी अपराधी का मुकाबला कर सकती है। साथ ही एसएसपी एटा द्वारा हेल्पलाइन नंबर *वीमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, 181, 1098, 102, 108, 1076 एवं सोशल मीडिया* के संबंध में अवगत कराते हुए बताया गया कि

किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार की स्थिति में किस तरह महिलाएं एवं बालिकाएं अपनी सुरक्षा हेतु इनका इस्तेमाल कर सकती हैं। इस दौरान एसएसपी एटा श्री राजेश कुमार सिंह व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती किरण देवी, एसपी क्राइम श्री विनोद कुमार पांडेय तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पल्लवी पांडेय, एसपी श्री धनंजय सिंह कुशवाहा तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रेणुका सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री विक्रांत द्विवेदी तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रचना द्विवेदी तथा महिला थाना प्रभारी एवं समस्त थानों एवं कार्यालयों पर तैनात महिला उपनिरीक्षक एवं महिला आरक्षी उपस्थित रहीं।

# 15 लाख रु. कीमत के सोने,चांदी के जेवरात, व अवैध तमंच कारतूस बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी। थाना सीपरी बाजार पुलिस व स्वाट तथा सर्वेलंस टीम की संयुक्त कार्यवाही में थाना मोंठ के टॉप-10 अपराधी सहित तीन शातिर चोरों को अवैध तमंचा 315 बोर मय कारतूस, एक तमंचा 12 बोर व 2 कारतूस 12 बोर एवं चोरी के सोने चांदी के आभूषण कीमत करीब 15 लाख रूपये तथा नकद 16,800/- रु नगदी सहित धर दबोचा चोरी की घटना खुलासा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने राजेश एस ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया की 23 अक्टूबर को प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय मय हमराह पुलिस टीम के साथ चेकिंग में मामूर थे तभी मुखबिर खास ने आकर सूचना दी कि आपके थाना क्षेत्र में जो चोरियां हुई हैं उनमें से जो चोर शामिल थे वह आज अपने साथियों के साथ सोने चांदी के आभूषण लिये हुए बेचने के उद्देश्य से पंचवटी क्रासिंग के पास उन्नाव बालाजी रोड पर मौजूद हैं जो किसी का इन्तजार कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर प्र0नि0 वेदप्रकाश पाण्डेय ने चौकी प्रभारी भोजला मण्डी उ0नि0 रूपेश कुमार, चौकी प्रभारी मसीहागंज उ0नि0 ईश्वरदीन साहू, चौकी प्रभारी लहरगिर्द उ0नि0 नीतिश कुमार की टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पंचवटी क्रॉसिंग के 100 मीटर पहले गाडियों से उतरकर छिपते छिपाते पंचवटी क्रासिंग के आगे ग्राम बूढ़ा की तरफ जाने सड़क के किनारे खड़े तीनों व्यक्तियों की तरफ इशारा करके बताया कि वे लोग वही चोर हैं जो चोरी का माल लिये खड़े हैं। इस पर सभी पुलिस वाले उक्त अभियुक्तों को घेराबन्दी आवश्यक बल प्रयोग कर अभियुक्तों को दिनांक 23 अक्टूबर को समय 09.30 बजे सुबह एक तमंचा 315 बोर मय कारतूस जिन्दा व एक तमंचा 12 बोर व 2 कारतूस जिन्दा 12 बोर व चोरी के सोने चांदी के आभूषण तथा नकद 16800 रूपये नकद सहित गिरफ्तार कर लिया गया। थाना सीपरी बाजार द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

# नावाटोला बैरियर पर व्यय पर्यवेक्षक का दौरा

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर रखते हुए सभी जिलों में निर्वाचन आयोग दिल्ली के द्वारा व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किये गए हैं जिला सूरजपुर में व्यय संवेदनशील क्षेत्र को देखते हुए यहाँ के व्यय पर्यवेक्षक नियमित दौरा कर रहे है, अपनी इसी दौरा कार्यक्रम के तहत आज अपनी टीम के साथ व्यय पर्यवेक्षक जिला सूरजपुर नावाटोला बैरियर बिहारपुर के दौरे पर रहे इस निरीक्षण के दौरान नावाटोला बैरियर में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी मुस्तैदी के साथ उपस्थित रहे। व्यय पर्यवेक्षक ने निरीक्षण में पाया कि नावाटोला बैरियर में भटगांव स्न्रस्झ टीम और स्स्झ टीम भी मौके पर उपस्थित रही। व्यय पर्यवेक्षक ने स्वयं संधारित किए जा रहे रजिस्टरों की जांच की व निगरानी दल से क्षेत्र विशेषता पर चर्चा की साथ ही उन्होंने निर्देशित भी किया नावाटोला बैरियर व्यय संवेदनशील बैरियर है इसलिए यहां तैनात कर्मचारी सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करें और ऐसी कोई भी गतिविधि जो निर्वाचन को प्रभावित कर रही हो उसकी सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दें अपने निर्देश में उन्होंने यह भी बताया के निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित रकम से अधिक पैसे लेकर कोई वाहन गुजरता है तो तत्काल संबंधित राशि जप्त कर कार्यवाही करें व जिला निर्वाचन अधिकारी को सूचित करें व्यय पर्यवेक्षक के इस दौरे के दौरान उनके साथ सहायक आयुक्त ( ऋह्द्धड्ढड्डद्य ) विश्वनाथ रेड्डी, तहसीलदार बिहारपुर संजय राठौर, नावा टोला बैरियर स्स्झ प्रभारी एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर धीरेंद्र कुमार जायसवाल ( सहायक प्राध्यापक, शा. नवीन महा. वि. चांदनी बिहारपुर ) उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश राज औद्योकिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी का तूफानी दौरा

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी माहेश्वरी द्वारा रात 8 बजे जनपद एटा का तूफानी दौरा करके यू पी सी डा की सैंथरी पर स्तिथ आ ई ए एवम आई आई डी सी साइडो का औचक निरीक्षण किया गया श्री माहेश्वरी के साथ राजीव त्यागी प्रधान , महा प्रबंधक , अशोक अरोड़ा , महा प्रबंधक अभियंत्रण , सलिल यादव , उप महा प्रबंधक विद्युत , एन के जैन , वरिष्ठ प्रबंधक सिविल , सीमा सिंह , क्षेत्रीय प्रबंधक अलीगढ़ आदि अधिकारी साथ रहे । औचक निरीक्षण के समय क्षेत्र के प्रवेश द्वार के सौंदर्य करण, लेआउट बोर्डो का एवम सड़क पटरी की सफाई ,सड़क की पटरी पर आवश्यकता अनुसार इंटरलॉकिंग कराए जाने , नालियों की सफाई एवम विद्युत पोलो पर शीघ्र एलईडी लाइट लगाए जाने हेतु निर्देश दिए गए इसके साथ साथ जिन उद्यमियों द्वारा सड़क की पटरी पर मलवा डाला गया है, अथवा अतिक्रमण किया गया है उनके विरुद्ध तत्काल कारवाई किए जाने के निर्देश दिए गए, औद्योगिक क्षेत्र एटा मैं अकारण रिक्त एवम अनउपयोगी भूखंड के आवंटियों को नोटिस निर्गत किए जाने के लिए भी कहा गया श्री माहेश्वरी जी ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि औद्योगिक क्षेत्र मैं 193 एलईडी लाइटें लगाई जा रही है एवम 6 हाई मास्त लाइटें लगाया जाना प्रस्तावित है तथा विद्युत पोलो पर क्यू आर कोड लगाया जाना भी प्रस्तावित है । श्री माहेश्वरी जी ने बताया कि पूर्व मैं निर्मित प्रशासनिक भवन की मरम्मत एवम रंगाई पुताई का कार्य कराया गया है एवम औद्योगिक सेक्टर मैं श्रमको की सुविधा हेतु दो नग सार्वजनिक सौचाल्यों का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है इस अवसर पर प्रशासनिक भवन की मरम्मत एवम रंगाई पुताई करने वाली फर्म द्वारा की गई सिथिलता वा कमियों के कारण ,50,000 रुपए का एवम डायरेक्शन बोर्ड लगाने वाली फर्म पर 25,000 रुपए का अर्थ दंड लगाए जाने का भी आदेश दिया गया।।

# जवा पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही 28 लीटर महुआ की शराब के साथ आरोपी को दबोचा

**थाना प्रभारी अजय खोब्रागड़े के नेतृत्व मे हुई कार्यवाही**

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा



पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन में चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत एसडीओपी रूपेंद्र धुर्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अजय खोब्रागड़े के नेतृत्व मे मुखबिर की सूचना पर जवा थाना के पीछे एक व्यक्ति दो प्लास्टिक की गैलन में लिए मिला जिससे नाम पता पूछने पर प्यारे लाल माझी पिता बाबू लाल माझी निवासी उम्र 45 वर्ष निवासी जवा थाना के पीछे जवा होना बताया जिनके पास से 28 लीटर अवैध महुआ की शराब कीमत 2800 रुपए जप्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 297/2023 34 ए अपकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अजय खोब्रागड़े सहायक उपनिरीक्षक केपी सिंह प्रधान आरक्षक राजाराम सोनी आरक्षक सूरज सिंह गहरवार आरक्षक हेमंत बागरी आरक्षक धर्मेंद्र गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही

# गहोई महिला क्लब के तत्वाधान में शारदीय नवरात्र पर आयोजित डांडिया नाइट्स



क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी में गहोई महिला क्लब द्वारा देर शाम स्थानीय होटल कुंअर पैलेस में नवरात्रि पर्व के अंतर्गत साम्यवादी डांडिया नृत्य / गरबा कर महिला एवं युवतियों ने शानदार प्रदर्शन किया। गहोई महिला क्लब की महिलाओं ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया जब कि कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सीमा सेठ श्रीमती सुषमा सरावगी श्रीमती प्रीति गुप्ता श्रीमती सोनिया नगरिया श्रीमती नर्मदा आभा श्रीमती संगीता श्रीमती रजनी श्रीमती जयश्री श्रीमती उमा श्रीमती राखी श्रीमती अंजू रसिया द्वारा किया गया इसमें आभा लोहिया अनीता खुर्द और गहोई समाज की कई महिलाएं उपस्थिति रही कार्यक्रम के अंत में श्रीमती सुषमा सरावगी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# बस कंडक्टर ने यात्रियों के साथ की मारपीट



क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

मऊरानीपुर। मऊरानीपुर से अपने गाँव जा रहे मजदूरों के साथ बस कंडक्टर ने रुपये छीन लिए और गाली गलौज कर मारपीट कर दी।

